**<u>एक्सपो की एक झलक</u>**

## क्रेडाई-एमसीएचआई “महा प्रॉपर्टी एक्सपो 2017” के साथ मनाएं घर खरीदारी का उत्सव

## त्योहारों के जश्न की खुशियां बढ़ाने के लिए आया क्रेडाई-एमसीएचआई “महा प्रॉपर्टी एक्सपो 2017”

## रेरा के बाद भारत का पहला और सबसे बड़ा एक्सपो

रेरा के बाद भारत के पहले और सबसे बड़े प्रॉपर्टी एक्सपो में जाने से तो आप बिल्कुल नहीं चूकना चाहेंगे। यह एक्सपो आज 16 नवंबर से मुंबई में बीकेसी स्थित एमएमआरडीए ग्राउंड पर शुरू हो रहा है। एक्सपो चार दिन तक चलेगा। यहां पर हाउसिंग फाइनेंस के ढेरों विकल्पों और बड़ी संख्या में प्रॉपर्टी के साथ ग्राहकों का स्वागत किया जाएगा। ग्राहकों को सबसे आकर्षक कीमत पर मुंबई की सबसे बेहतरीन प्रॉपर्टी उपलब्ध कराने के लिए इस एक्सपो का आयोजन किया गया है।

जैसा कि आप जानते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में रियल एस्टेट उद्योग की मुश्किलों के बाद, **ईज ऑफ डूइंग बिजनेस** (ईओडीबी) के कार्यान्वयन में राज्य सरकार की उल्लेखनीय सफलता से परिस्थितियों में सुधार आया है। इस कारण भारत को विश्व बैंक की रैंकिंग में 130 से 100वें स्थान पर पहुंचने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन, माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस के अनुकरणीय नेतृत्व और श्री अजोय मेहता, आईएएस, बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त के प्रभावी कार्यान्वयन ने इस ऊंची स्थिति को प्राप्त करने में मदद की है।

केन्द्र सरकार की जिन उल्लेखनीय पहलों ने रियल-एस्टेट उद्योग को बड़े पैमाने पर प्रभावित किया है, उनमें रेरा और जीएसटी प्रमुख हैं। वहीं इस उद्योग ने भी रेरा और जीएसटी के अनुरूप बदलाव करने का पूरा प्रयास किया है। इस प्रकार यह एक्सपो एक ऐसे उपयुक्त समय पर आयोजित हो रहा है, जब रियल एस्टेट उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए तैयार हो रहा है। एक तरह से यह एक बड़े बदलाव की शुरुआत है। रेरा रजिस्ट्रेशन को अपनाने, व्यवसाय करने में आसानी की बेहतरीन उपलब्धि, सस्ते मकानों के लिए सरकार के प्रयास, पहले से बेहतर ग्राहक आत्मविश्वास, त्योहारी खरीदारी में तेजी और घटती ब्याज दरों जैसे बदलावों के साथ इससे ज्यादा अनुकूल परिस्थितियां कभी नहीं हो सकतीं।

15 वर्षों में एक्सपो के 27 संस्करण हो चुके हैं जिसमें 30 लाख से ज्यादा ग्राहकों को घर उपलब्ध कराए गए हैं। इस साल 10,000 स्क्वायर मीटर का यह प्रदर्शनी स्थल ग्राहकों को

सभी प्रकार के बजट में रेरा रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट उपलब्ध कराएगा। यहां पर मुख्य जोर "सस्ते घरों" के ऊपर दिया गया है जहां पर पेश किए गए ढेरों विकल्पों में से ग्राहक अपना घर चुन सकते हैं। माननीय प्रधान मंत्री का "सभी के लिए आवास" उपलब्ध कराने का दृष्टिकोण ही इस एक्सपो की मूल भावना है।

**एक्सपो की विशेषताएं:** एक लाख संभावित ग्राहक, प्रायोगिक स्टाल डिजाइन, लकी ड्रॉ के मौके, 4 दिवसीय आयोजन, 10 लाख से लेकर 10 करोड़ की प्रॉपर्टी, प्रॉपर्टी खरीद एवं बिक्री का डिजिटल प्लेटफॉर्म और एक्सक्लूसिव ऑफर्स।

**एक्सपो के रियल-एस्टेट के भागीदार:** एल एंड टी रियल्टी, गोदरेज प्रॉपर्टीज़, ओमकार, कल्पतरू, रेडियस डेवलपर्स, शिवालिक वेंचर्स, कनकिया स्पेसेज़, अजमेरा रियल्टी, मैराथन रियल्टी, रुस्तोमजी, एकता वर्ल्ड, वीना डेवलपर्स, रोमेल ग्रुप, मेफेयर हाउसिंग, वाधवा ग्रुप आदि।

**एक्सपो के बैंक और एचएफसी भागीदार:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, यूको बैंक, पीएनबी, सिंडीकेट बैंक और एचएफसी में पीएनबी हाउसिंग, एलआईसी हाउसिंग, इंडिया बुल्स, टाटा कैपिटल और आदित्य बिरला फाइनेंस शामिल हैं।

घर खरीदार इस प्रॉपर्टी एक्सपो में आकर इस त्योहारी मौसम का भरपूर फायदा उठा सकते हैं। यह एक्सपो सीमित अवधि के ढेरों ऑफर्स से भरपूर है, जिसकी मदद से ग्राहक अपने पैसे बचा सकते हैं।

क्रेडाई-एमसीएचआई महा प्रॉपर्टी एक्स्पो की एक अन्य विशेषता बिज़नेट है। बिजनेट एक बेहतरीन बिजनेस और नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म है, जो कि ग्राहकों और संबद्ध उद्योगों को एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक्सपो की एक बेहद अनूठी पेशकश है जहां पर एक्सपो के उत्साहजनक माहौल के बीच संबंधित उद्योगों को प्रमुख डेवलपर्स के साथ आमने-सामने बातचीत का मौका मिलेगा।

क्रेडाई-एमसीएचआई ने महिला विंग द्वारा अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत कुछ उल्लेखनीय पहल की हैं, जैसे योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति और निर्माण श्रमिकों की स्वास्थ्य देखभाल। इसी क्रम में महिला विंग एक्सपो स्थल पर अपोलो हॉस्पिटल के साथ एक रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है।

**श्री मयूर शाह, अध्यक्ष, क्रेडाई-एमसीएचआई** ने कहा, "28वां महा प्रॉपर्टी एक्सपो महा रेरा के लागू होने के बाद पहला इंडस्ट्री एक्सपो है। यहां घर खरीदारों के लिए कई आकर्षक ऑफर्स के साथ बड़ी संख्या में बेहतरीन रेरा रजिस्टर्ड प्रॉपर्टी उपलब्ध होंगी, साथ ही यहां होम फायनेंस के कुछ शानदार विकल्प भी मिलेंगे, और वह भी एक छत के नीचे। इस प्रकार, हम खरीदारों को एक्सपो में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए पूरी तरह से आश्वस्त करेंगे। हमें पूरा भरोसा

है कि हमारा महा प्रॉपर्टी एक्सपो ग्राहक के उत्साह में और भी वृद्धि करेगा, जो कि त्योहारों के इस मौसम को और भी खुशियों से भर देगा। कोई आश्चर्य नहीं, कि ग्राहक भी ठीक वैसा महसूस करेंगे जैसा हम करते हैं, यानि एमसीएचआई है तो भरोसा है!"

**श्री तेजस व्यास, चेयरमैन, एग्जिबिशन कमेटी** ने कहा, "महा प्रॉपर्टी एक्सपो एक ही छत के नीचे उन प्रॉपर्टी को पेश कर रहा है, जो कि रेरा रजिस्टर्ड हैं। लक्जरी से लेकर किफायती तक और कॉमर्शियल से लेकर आवासीय तक, यह सभी बजट और पसंद की जरूरत को पूरा करेगा। यह एक्सपो सभी प्रकार के घर खरीदारों के लिए वन-स्टॉप-शॉप जैसा है। हमारी हमेशा से यही कोशिश रही है कि एक्सपो में प्रॉपर्टी की तलाश करने वालों और आगंतुकों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया जाए। अब जब रियल-एस्टेट उद्योग अपने ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है, ऐसे में इसने निश्चित रूप से भारत के कॉमर्शियल और सामाजिक परिवेश में बड़ी ऊर्जा का संचार किया है। अब, सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते सस्ते मकानों के लिए ग्राहकों की मांग बढ़ने को तैयार है, और हम डेवलपर्स भी एक ऐसे दौर के लिए काम कर रहे है, जहां सभी मुंबईकर के पास एक घर हो*!"*

यहां घर खरीदारों के लिए बहुत कुछ उपलब्ध है।

**<u>क्रेडाई-एमसीएचआई के बारे में</u>**

महाराष्ट्र चेंबर ऑफ हाउसिंग इंडस्ट्री (क्रेडाई-एमसीएचआय) का गठन 1982 में हुआ था। यह मुंबई और एमएमआर में रियल एस्टेट डेवलपर्स का सबसे प्रमुख और मान्यताप्राप्त निकाय है। एमसीएचआई-क्रेडाई उद्योग के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए रियल एस्टेट डेवलपमेंट में काम करने वाले सदस्यों को एक आम मंच पर साथ लेकर आता है। मुंबई में 1800 से अधिक प्रमुख डेवलपर्स की एक मजबूत सदस्य संख्या के साथ एमसीएचआई-क्रेडाई ने एमएमआर में विस्तार कर लिया है। इसके पास ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, मीरा-विरार सिटी, रायगढ़ और नवी मुंबई में अपनी इकाइयाँ हैं। मुंबई और एमएमआर में नई आवासीय और कॉमर्शियल प्रॉपर्टी के संगठित विकास में 80% हिस्सेदारी एमसीएचआई-क्रेडाई के सदस्यों की है।

**For further details:**

**RSVP**
**Bienu Vaghela: 9167141962**
**Bhagyashree Khedkar: 9833189357**